# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 4 मार्च 2025


PAGE NO :07 MIDDLE

## सर्जरी से स्वस्थ हुए मूक-बधिर बच्चे की प्रतिभा ने मोहा मन

बरेली। विश्व श्रवण दिवस पर सोमवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में ईएनटी एंड एचएनएस विभाग द्वारा चेंज इन माइंड सेट : इंपॉवरिंग योर सेल्फ विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज से निशुल्क कॉक्लियर इंप्लांट के बाद स्वस्थ 35 बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने श्लोक, गाने, कविता सुनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मूक बधिरता के उन्मूलन के लिए सभी को जागरूक किया। चेयरमैन देवमूर्ति ने बच्चों को उपहार भेंट किए। इस दौरान डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रोहित शर्मा, डॉ. अमित राणा, डॉ. ममता वर्मा व अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी प्रजापति ने किया। दूसरी ओर एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने चौकी चौराहा स्थित वृद्धाश्रम प्रेम निवास में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। ब्यूरो